राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को मिला 'द गोल्डन ग्लोब टाइगर अवार्ड्स'

चर्चा में क्यों?

16 मई, 2023 को मलेशिया के पूलमैन क्वालालमपुर सिटी सेंटर होटल एंड रेजिडेंसेस में आयोजित कार्यक्रम में वर्ल्ड एचआरडी काउंसिल के निर्णायक मंडल ने राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के दो प्रोजेक्टों का चयन 'बेस्ट एनवायरनमेंट फ्रेंडली प्रोजेक्ट्स' और 'बेस्ट इनोवेटिव प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर' के रूप में करते हुए बोर्ड को 'द गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स फॉर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप' से सम्मानित किया है।

प्रमुख बिंदु

- आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा प्रशासनिक व्यस्तता के चलते स्वयं सम्मान समारोह में उपस्थित नहीं हो पाए अत: यह पुरस्कार मुख्य अभियंता प्रथम केसी मीणा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय पूनिया और अमित अग्रवाल ने ग्रहण किया।
- वर्ल्ड एचआरडी कॉन्ग्रेस ने मानसरोवर स्थित सिटी पार्क को 'बेस्ट एनवायरनमेंट फ्रेंडली प्रोजेक्ट्स' और प्रताप नगर स्थित कोचिंग हब को 'एक्सीलेंस इन इनोवेशन' की श्रेणी के लिये चयनित किया है।
- गौरतलब है कि राजस्थान आवासन मंडल के आयुक्त पवन अरोड़ा की अगुवाई में पिछले चार वर्षों में मंडल को कुल 17 अवार्ड मिल चुके हैं। इनमें मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, स्कॉच अवार्ड-2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेंसी, नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आई.बी.सी. और 'स्टार ऑफ गवर्नेंस-गोल्ड अवार्ड' और नरेडको द्वारा दिये 'रियल एस्टेट कॉन्क्लेव' जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड शामिल हैं।

MALAYSIA'S BEST GENERAL MANAGERS
TIGERS
(11th EDITION)
AWARDS
MALAYSIA'S BEST CHEFS
Follow us on: @Dr_RLBhatia / @WHRDC25

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-golden-globe-tiger-awards-to-rajasthan-housing-board